दहशत

साल ट्री रिसोर्ट के पास हुई घटना का वीडियो वायरल,मुक्की क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत

# बाउंड्री वॉल से मवेशी को घसीट ले गया बाघ



**टाटरी,मुक्की 27 दिसंबर नभाप्र.** विश्व प्रसिद्ध कान्हा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में बाघ की सक्रियता ने एक बार फिर ग्रामीणों और पर्यटकों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। मुक्की क्षेत्र के बंजारी टोला इलाके में बुधवार देर रात एक बाघ द्वारा मवेशी का शिकार किए जाने का सनसनीखेज वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो साल ट्री रिसोर्ट के समीप का बताया जा रहा है। इसमें साफ देखा जा सकता है कि एक विशाल बाघ, मवेशी को भवन की बाउंड्री वॉल से खींचकर मुख्य सड़क तक लाता है और फिर बेखौफ होकर उसे अपने साथ घसीटते हुए ले जाता है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा है कि शिकार करने वाला बाघ कान्हा का प्रसिद्ध पट्टेवाला मेल (टी-125) हो सकता है, हालांकि वन विभाग ने फिलहाल इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### क्षेत्र में अलर्ट जारी

बफर जोन से सटे गांवों और रिसोर्ट क्षेत्र में इस घटना के बाद वन विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। विभाग ने ग्रामीणों और रिसोर्ट प्रबंधन को सतर्क रहने तथा रात के समय अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह दी है। सुरक्षा के मद्देनजर वन अमला क्षेत्र में निगरानी बढ़ा रहा है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय जनहानि को रोका जा सके।

# बाईक सवार ने चरवाहे को मारी टक्कर, तीन लोग हुए घायल

▶ मैली मार्ग में हुआ हादसा, सीएचसी नारायणगंज में चल रहा उपचार



**नारायणगंज 27 दिसंबर नभाप्र.** नारायणगंज से मैली मार्ग में एक बाईक सवार ने मार्ग किनारे मवेशी चरा रहे एक चरवाहे को जोरदार टक्कर मार दी। बाईक की टक्कर से चरवाहा घायल हो गया। वहीं बाइक में सवार पिता पुत्री भी घायल हो गए। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और हादसे में तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज लाया गया। हादसे की जानकारी टिकरिया पुलिस को दी गई।

जानकारी अनुसार नारायणगंज से बबलिया मार्ग में ग्राम मैली के पास मार्ग किनारे एक चरवाहा खुब्बी लाल सिंगरौरे पिता धन्नू लाल सिंगरौरे 60 वर्ष निवासी ग्राम मैली अपने मवेशी को चरा रहा था, इसी दौरान बाइक सवार सहारे लाल बर्मन पिता अमर सिंह बर्मन 45 वर्ष निवासी ग्राम पदमी और अभिलाषा बर्मन पिता सहारे लाल 13 वर्ष निवासी पदमी बाईक से ग्राम शंकरगंज से ग्राम पदमी की ओर जा रहा था। अचानक सहारे लाल की बाईक अनियंत्रित हो गई और मार्ग किनारे मवेशी चरा रहे खुब्बी को टक्कर मार दी। बाईक की टक्कर से खुब्बी लाल चोटिल हो गया।बताया गया कि बाईक सवार सहारे लाल अपनी बेटी अभिलाषा बर्मन को लेने ग्राम शंकरगंज गया हुआ था, अभिलाषा को लेकर अपने ग्राम पदमी लौट रहा था, इसी दौरान सहारे लाल की बाईक अचानक अनियंत्रित हो गई और ग्राम मैली मार्ग में मवेशी चरा रहे खुब्बी लाल बाईक की चपेट में आ गया। जिससे बाईक सवार पिता पुत्री और चरवाहा तीनों घायल हो गए। हादसे की जानकारी 108 एम्बुलेंस को दी गई, और एम्बुलेंस से तीनों घायलों को सीएचसी नारायणगंज लाया गया। ड्रेसर संत लाल ने बताया कि इस सड़क हादसे में सहारे लाल को चेहरे में गंभीर चोटे आई है। सहारे लाल के चेहरे में करीब 13 टांके लगाए गए है, वहीं अभिलाषा बर्मन को हाथ और पैर में चोटे आई है। वहीं चरवाहा खुब्बी लाल को भी पैर में चोट आई है। तीनों घायलों का उपचार डॉ. देशबंधु उइके की निगरानी में किया जा रहा है।

# अतिक्रमण की जद में नारायणगंज का बस स्टैंड

▶ शिकायत के बाद भी प्रशासन मौन, हाथ-ठेला संचालकों की मनमानी से आवागमन ठप, विवाद की आशंका के बीच कार्रवाई का इंतजार



**नारायणगंज 27 दिसंबर नभाप्र.** ग्राम पंचायत पड़रिया उर्फ नारायणगंज मुख्यालय के मुख्य बस स्टैंड परिसर में वर्षों से काबिज अस्थाई अतिक्रमण अब आम जनमानस और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। ग्राम पंचायत नारायणगंज द्वारा तहसीलदार नारायणगंज और थाना प्रभारी टिकरिया को पत्र लिखकर अवैध रूप से हाथ-ठेला लगाने वालों पर कठोर कार्यवाही की मांग की गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम न उठाए जाने से प्रशासनिक भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

बताया गया कि पंचायत द्वारा जारी पत्र के अनुसार पूर्व में हाथ-ठेला व्यवसायों के कारण बस संचालन बंद हो गया था, जिसे जिला परिवहन अधिकारी के हस्तक्षेप के बाद पुनः शुरू कराया गया। उस समय ग्राम सभा में प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में ठेला संचालकों के लिए 30 वाई 40 फिट का स्थान निर्धारित किया गया था। वर्तमान में अधिकांश व्यवसायी वहाँ जा चुके हैं, लेकिन कुछ दुकानदार हठधर्मिता दिखाते हुए मुख्य मार्ग और आवागमन वाले क्षेत्रों में दुकानें लगा रहे हैं, जिससे आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है।

### कठोर कार्यवाही की मांग

सरपंच और सचिव द्वारा भेजे गए पत्र में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि इन उल्लंघनकर्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज कर सामग्री जब्ती की कार्यवाही नहीं की गई, तो भविष्य में पूरे बस स्टैंड परिसर को खाली कराकर किसी भी दुकानदार को स्थान आवंटित नहीं किया जाएगा। पंचायत ने अवगत कराया है कि वे स्वयं के स्तर पर नोटिस और जुर्माने की कार्यवाही कर चुके हैं, किंतु पुलिस और राजस्व विभाग के सहयोग के बिना स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है।

**इनका कहना है**

पंचायत द्वारा हॉट बाजार की वसूली की जाती है, यह पंचायत की जिम्मेदारी है, लेकिन पडरिया पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटाने का आवेदन दिया गया है, मौके पर जाकर लोगों को समझाईश दी जाएगी और निर्धारित स्थान में दुकान लगाने कहां जाएगा।

**संगम पटले, तहसीलदार, नारायणगंज**

# शराब बेचने और पीने वालों पर लगेगा पांच हजार रूपए का जुर्माना

बरबटी ग्राम सभा का ऐतिहासिक फैसला

सूचना देने वाले को मिलेगा 2000 हजार का पुरस्कार



**बरबटी, 27 दिसंबर नभाप्र.** ग्राम पंचायत बरबटी में आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीणों ने संगठित होकर गांव को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा और कड़ा निर्णय लिया है। सरपंच भगत सिंह कुशरे की अध्यक्षता में आयोजित इस सभा में नशा मुक्ति के लिए दंडात्मक प्रावधानों को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बताया गया कि ग्राम सभा में उपस्थित 109 सदस्यों में 67 महिलाओं और 42 पुरुषों ने चर्चा के बाद यह निर्णय लिया कि गांव की सुख-शांति और युवाओं के भविष्य को बचाने के लिए कड़े कदम उठाना अनिवार्य है। इसके तहत इस प्रावधान के लिए जुर्माने भी तय किए गए हैं। बताया गया कि ग्राम बरबटी की सीमा के भीतर शराब पीते हुए पकड़े जाने वाले व्यक्ति पर पांच हजार रूपए का आर्थिक दंड लगाया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से शराब या गांजा बेचते या इसका व्यापार करते हुए पाया जाता है, तो उस पर भी पांच हजार रूपए का जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा। नशे के इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए ग्राम सभा ने प्रोत्साहन योजना भी शुरू की है। इन गतिविधियों की सटीक सूचना देने वाले व्यक्ति को दो हजार रूपए का पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया है।

### महिलाओं ने संभाली कमान, निकाली जागरूकता रैली

नशा मुक्ति अभियान को गति देने के लिए ग्राम सभा के बाद उपस्थित महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ गांव में एक विशाल रैली निकाली। नशा छोड़ो, घर जोड़ो जैसे नारों के साथ महिलाओं ने घर-घर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। ग्राम सभा में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक 67 महिला, 42 पुरुषों की रही।

**विकसित भारत अधिनियम पर भी हुई चर्चा**

नशा मुक्ति के अलावा सभा में विकसित भारत अधिनियम 2025 के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित जनसमुदाय को सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सरपंच भगत सिंह कुशरे, सचिव गंगाराम पंद्राम और सह-सचिव प्रताप सिंह कुशरे सहित बड़ी संख्या में अन्यजन मौजूद रहे।

# अटल जी की जयंती पर मिनी ओलंपिक का समापन, खिलाड़ी हुए सम्मानित

**नैनपुर 27 दिसंबर नभाप्र.** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर पालिका द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मिनी ओलंपिक शालेय खेल प्रतियोगिता का शनिवार को जेआरसी मैदान में समापन हुआ। विगत दिवस सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और पीएचई मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके द्वारा शुरू किए गए इस आयोजन में नगर की खेल प्रतिभाओं ने अपना कौशल दिखाया। समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं और शालाओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल शारीरिक फिटनेस के साथ नेतृत्व क्षमता और जीवन कौशल विकसित करने का सशक्त माध्यम है। इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आशुतोष ठाकुर, एसडीओपी मनीष राज, सीएमओ लक्ष्मण सिंह सारस, थाना प्रभारी बलदेव सिंह मुजाल्दा सहित पार्षदगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शंकर दयाल वाजपेई द्वारा किया गया। अतिथियों ने नैनपुर की उभरती खेल प्रतिभाओं की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।





# क्लास रूम को बनाया शादी का मंडप, वीडियो वायरल

▶ कलेक्टर के निर्देश पर सहायक आयुक्त ने बैठाई जांच

**अंजनिया 27 दिसंबर नभाप्र.** शिक्षा के मंदिर में अनुशासन को ताक पर रखकर छात्राओं द्वारा फिल्मी गानों पर रील बनाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बिछिया विकासखंड के पीएम श्री विद्यालय घोंटा (घुटास) का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें छात्राएं क्लासरूम के भीतर पढ़ाई करने के बजाय शादी का नाटक और रील बनाती नजर आ रही हैं। मामला जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा के संज्ञान में आने के बाद शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

### छात्राओं ने आईडी कार्ड की बनाई वरमाला

वायरल वीडियो में छात्राएं क्लास रूम की बेंच पर खड़ी होकर बहारों फूल बरसाओ, मेरे हाथ में तेरा हाथ हो और मुबारक हो तुमको यह शादी तुम्हारी जैसे बॉलीवुड गानों पर डांस कर रही हैं। हद तो तब हो गई जब छात्राओं ने स्कूल के फर्नीचर को शादी का मंडप बना दिया और किताबों की जगह अपने आईडी कार्ड को वरमाला की तरह इस्तेमाल किया। वीडियो में शादी की रस्मों के नाटक के लिए स्कूल के झाड़ू और क्लासरूम के अन्य सामान का भी उपयोग किया गया है।

### जांच दल गठित, दोषियों पर गिरेगी गाज

वीडियो वायरल होने के बाद सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग, वंदना गुप्ता ने मामले को गंभीरता से लिया है। कलेक्टर के आदेश पर एक संयुक्त जांच टीम का गठन किया गया है, जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, भीमडोंगरी हाई स्कूल के प्राचार्य और घुटास स्कूल के शिक्षक शामिल हैं। सहायक आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि जांच प्रतिवेदन प्राप्त होते ही इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों और संबंधितों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# वाणी के घाव गहरे, बोलने से पहले सोचें : देविका पटेल

▶ ग्राम करिया गांव में श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन उमड़ा जनसैलाब



**अंजनिया 27 दिसंबर नभाप्र.** ग्राम करिया गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन सुप्रसिद्ध कथावाचिका देविका पटेल ने श्रद्धालुओं को जीवन के गूढ़ रहस्यों से अवगत कराया। उन्होंने वाणी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तीर का घाव समय के साथ भर जाता है, लेकिन कटु वचनों से हृदय पर हुआ घाव कभी नहीं भरता। इसलिए मनुष्य को हमेशा सोच-समझकर और मधुर वाणी का प्रयोग करना चाहिए।

कथा के दौरान भगवान कृष्ण की रासलीला का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि यह कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि भक्त और भगवान के मिलन की दिव्य पराकाष्ठा है। उन्होंने गोपियों के अटूट प्रेम और भक्ति की चर्चा करते हुए कहा कि जब कृष्ण को राधा जी से मिलने की इच्छा हुई, तो वे स्वयं मनिहारिन का भेष धरकर उनके द्वार पहुँचे। गोपियों के संकल्प के आगे उद्धव का ज्ञान भी फीका पड़ गया। देविका जी ने यह भी सीख दी कि हमें दूसरों से सम्मान की अपेक्षा करने से पहले स्वयं अपने धर्म और ईश्वर का सम्मान करना सीखना चाहिए।

### आज होगा समापन, समाज के प्रबुद्ध जनों का होगा अभिनंदन

कथा के अंतिम पड़ाव पर जानकारी दी गई कि जिन कन्याओं के विवाह में बाधा आ रही हो, उन्हें मां कात्यायनी की पूजा करनी चाहिए। कल शनिवार को फूलों की होली के साथ कथा का समापन होगा। आज रविवार 28 दिसंबर को पूर्णाहुति, हवन, कन्या पूजन और महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

इस विशेष अवसर पर कुर्मी समाज विकास संगठन जिला मंडला के तत्वावधान में क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों, वृद्धजनों और मातृ-शक्तियों का अभिनंदन समारोह आयोजित होगा। संगठन ने सभी प्रबुद्ध जनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है। सभी का सम्मान कथावाचिका देविका पटेल द्वारा किया जाएगा।

# साहबजादों के बलिदान से प्रेरणा लेंगे बच्चे

▶ माड़ोगढ़ में प्रतियोगिताओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम संपन्न




**नारायणगंज 27 दिसंबर नभाप्र.** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में नारायणगंज विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल माड़ोगढ़ में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक प्रेरणा मर्सकोले ने छात्र-छात्राओं को गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान की गाथा सुनाई। सुश्री मर्सकोले ने जानकारी दी कि वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री द्वारा इस दिवस की घोषणा बच्चों में साहस, देशभक्ति और नैतिक मूल्यों के विकास के उद्देश्य से की गई थी।समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं को वेबकास्ट के माध्यम से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसके बाद बच्चों के लिए विभिन्न रचनात्मक और शारीरिक गतिविधियों का आयोजन हुआ, जिसमें निबंध लेखन, रंगोली, चित्रकला के साथ-साथ दौड़, कुर्सी दौड़, मेढक दौड़ और बोरा दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रशासक द्वारा छात्राओं को आपातकालीन सेवाओं की जानकारी देते हुए महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 और डायल 112 के महत्व को समझाया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी संजीव मोहर, पर्यवेक्षक रंजना दुबे, स्कूल प्राचार्य, शिक्षकगण सहित वन स्टॉप सेंटर से केस वर्कर आशा नंदा, हरिशंकर कछवाहा, आरती वरकडे और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा वरकडे, अनुसुईया उइके व संध्या परते मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सौगात

कैबिनेट मंत्री ने भालीवाड़ा में किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण

# अब एक ही छत के नीचे गांव में ही मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं



**नैनपुर 27 दिसंबर नभाप्र.** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ी। प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके ने ग्राम पंचायत भालीवाड़ा माल में नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया। इस केंद्र के शुरू होने से अब क्षेत्र के नागरिकों को सामान्य उपचार के लिए शहर की ओर नहीं दौड़ना पड़ेगा।

**65 लाख की लागत से ग्रामीणों को मिलेगी हाईटेक स्वास्थ्य सुविधा**-जानकारी अनुसार लगभग 65 लाख रुपए की लागत से तैयार इस आरोग्य मंदिर को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। मंत्री श्रीमती उइके ने बताया कि यहाँ ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ मिलेंगी। केंद्र की मुख्य विशेषताओं में मरीजों के परीक्षण के लिए विशेष ओपीडी कक्ष। बीमारियों की त्वरित पहचान के लिए लैब की सुविधा। टीकाकरण और प्रसव पूर्व जांच के लिए अलग से कक्ष। सुव्यवस्थित शौचालय एवं अन्य आवश्यक जनसुविधाएं मिलेगी।

**स्वस्थ ग्राम से सशक्त भारत का संकल्प**-कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती उइके ने कहां कि यह आरोग्य मंदिर केवल एक भवन नहीं, बल्कि क्षेत्रवासियों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा की एक मजबूत कड़ी है। हमारा लक्ष्य है कि हर ग्रामीण को उसके घर के पास ही सस्ती और सुलभ चिकित्सा मिले। यह कदम स्वस्थ ग्राम-सशक्त भारत के सपने को साकार करने में सहायक सिद्ध होगा।

**ये जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद**-लोकार्पण समारोह के दौरान जिला पंचायत सदस्य शालिनी साहू, भालीवाड़ा सरपंच, टिकरवारा सरपंच श्रद्धा उइके करवेती सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके साथ ही सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे।